आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :483 पृष्ठ -4 दिनांक 20 मई 2025 दिन मंगलवार

## मोहम्मद शमी ने लखनऊ में मुख्यमंत्री से की मुलाकात, योगी ने क्रिकेटर को दिया तोहफा

## क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की

भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की. सीएम योगी और शमी के बीच यह मुलाकात राज्य की राजधानी लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर हुई. इस संदर्भ में सीएम योगी आदित्यनाथ के आधिकारिक एक्स हैंडल से तस्वीरें भी जारी की गईं. सीएम के अकाउंट से लिखा गया– भारतीय क्रिकेट टीम के प्रख्यात गेंदबाज मोहम्मद शमी जी से आज लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट हुई. मुलाकात के दौरान शमी ने जहां सीएम को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया तो वहीं मुख्यमंत्री ने तेज गेंदबाज को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट का एक तोहफा दिया.बता दें बीते दिनों मो. हम्मद शमी को जान से मारने की धमकी दी गई. धमकी मेल के जरिए मिली थी. इस मामले में मोहम्मद शमी के भाई हसीब ने अमरोहा पुलिस को एफआईआर के लिए तहरीर दी थी. अमरोहा एसपी के आदेश पर अमरोहा साइबर सेल में घटना की



एफआईआर दर्ज कर ली. क्रिकेटर मोहम्मद शमी के भाई हसीब ने अमरोहा के पुलिस अधीक्षक को बताया था कि मोहम्मद शमी के मेल पर राजपूत सिंधर नाम की मेल आईडी से एक मेल आया. इस मेल में उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है. मेल में लिखा गया थी– तुझे हम जान से मार देंगे. सरकार हमारा कुछ नहीं कर पाएगी .मोहम्मद शमी के भाई हसीब का कहना है कि इस मेल की बाबत पुलिस में शिकायत की गई थी.मोहम्मद शमी मौजूदा समय में भारत के सबसे अहम खिलाड़ियों में से एक हैं. वह भारत के लिए अभी तक 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी20 मैच खेल चुके हैं. टेस्ट में उन्होंने 229 विकेट, वनडे में 206 विकेट और टी20 में 27 विकेट चटकाए हैं. वह चौंपियंस ट्रॉफी 2025 की विजेता टीम के भी हिस्सा थे. उन्होंने इस टूर्नामेंट में भारत को जिताने में अहम भूमिका निभाई थी.

## सिर कलम करने की धमकी देने वालों को राकेश टिकैत ने दी चेता. वनी, कहा– ऐसे लोग घटिया होते हैं, हम

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने पाकिस्तान के जासूसों को देश का सबसे बड़ा गद्दार बताया और कहा कि देश के खिलाफ गलत करने वाले को सख्त सजा मिलनी चाहिए. वहीं स्पष्ट किया कि किसान आंदोलन देश में खत्म नहीं स्थगित किया था. किसान आंदोलन की मूवमेंट चल रहा है, तैयारियां भी पूरी हैं. जरूरत पड़ी तो फिर से किसान आंदोलन को जोर–शोर से शुरू कर दिया जाएगा. टिकैत ने पिछले दिनों पंजाब के कपूरथला में शहीद मनोज फोगाट की शहादत को देश का बड़ा गौरव बताया.भाकियू नेता राकेश टिकैत सोमवार, 19 मई को चरखी दादरी के गांव समसपुर में शहीद मनोज फोगाट के घर शोक व्यक्त करने पहुंचे थे और परिजनों से मिलकर उनको ढांढस बंधाया. टिकैत ने कहा कि कहा कि पूरे देश को अपने शहीदों पर नाज है. जवानों व किसानों से ही देश की पहचान है. एक ओर किसान पूरे देश का पेट भरता है तो दूसरी ओर सेना पर खड़े जवान देश की सुरक्षा करते हैं और हम चौन की नींद सोते हैं. इस टिकैत ने भाकियू पदाधिकारियों से भी मुलाकात की और मीडिया से बात की. टिकैत ने उनके सिर कलम कर 5 लाख के इनाम की धमकी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सिरफिरे लोग ऐसी घटिया हरकत करते हैं, लेकिन हम किसी से डरने वाले नहीं हैं. धमकी देने वालों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई गई है जिस पर उन्होंने कड़ी करवाई की मांग उठाई.टिकैत ने किसान आंदोलन को जारी रखने का ऐलान करते हुए कहा कि एसकेएम के आह्वान पर दिल्ली के आसपास के राज्यों में किसान आंदोलन की मूवमेंट चल रही हैं. कुछ किसान संगठन आंदोलन को बिगाड़ने का काम कर रही हैं लेकिन उनके मंसूबे कामयाब नहीं होंगे. किसान आंदोलन स्थगित नहीं हुआ बल्कि जरूरत पड़ते ही फिर से शुरू किया जाएगा.

## प्रदेश भर से आये लोगों की सीएम योगी सुनीं समस्याएं, दिए यह निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन किया। इस दौरान 60 से अधिक फरियादी आए। मुख्यमंत्री ने एक–एक करके सभी से मुलाकात की, फिर कुशलक्षेम पूछा। हर पीड़ित की शिकायत सुनी और अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। सोमवार को सर्वाधिक शिकायतें प्रयागराज से आईं। मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेशवासियों की सुरक्षा और सम्मान ही सरकार का ध्येय है। सरकार हर जरूरतमंदों की जरूरत पर खड़ी है। जनता दरबार में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क निर्माण समेत अनेक मामले अफसरों को दिया प्रार्थना पत्र, समय से निस्तारण के निर्देश' मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में मौजूद अधिकारियों को शिकायतों का प्रार्थना पत्र सौंपते हुए समय से निस्तारण के निर्देश दिए। प्रयागराज से कई शिकायतें आईं, जिसे मुख्यमंत्री ने गंभीरता से सुना और कार्रवाई के लिए अफसरों को निर्देशित किया। पुलिस, खेत की पैमाइश, आवास, चकरोड, खेतों में कब्जा, बिजली कनेक्शन



समेत अन्य फरियाद लेकर पीड़ित पहुंचे, जिसके समाधान का मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया।बच्चों को दुलारा और दी चॉकलेट' जनता दर्शन में कई पीड़ित परिवार के साथ आए थे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान बच्चों को दुलारा, उनकी शिक्षा के बारे में जानकारी ली और चॉकलेट भी दी। सीएम योगी ने बच्चों को खूब पढ़ने और उज्ज्वल भविष्य का भी आशीर्वाद दिया।

'प्रयागराज से 8, देवरिया से 4, सहारनपुर व बस्ती–फतेहपुर से 3–3 फरियादी आए' सोमवार को श्जनता दर्शनश में 8 फरियादी प्रयागराज से आए। देवरिया जनपद से 4, सहारनपुर, बस्ती–फतेहपुर से 3–3 फरियादी जनता दर्शन में आये। मुरादाबाद, पीलीभीत, अमरोहा, गाजीपुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी व भदोही से दो–दो फरियादी शिकायत लेकर मुख्यमंत्री से मिले।

## संभल जामा मस्जिद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर वकील विष्णु शंकर जैन की पहली प्रतिक्रिया

संभल जामा मस्जिद के सर्वे मामले में मस्जिद पक्ष की ओर से दाखिल रिव्यू पिटिशन को खारिज करने पर अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने प्रतिक्रिया दी है. हा. ईकोर्ट के फैसले को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि लोगों ने देश में भ्रांति फैलाई थी. वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा , यह इलाहाबाद उच्च न्यायालय का बहुत महत्वपूर्ण निर्णय है और जिन लोगों ने देश में यह भ्रांति फैलाई थी कि 19 नवंबर को सिविल जज सीनियर डिवीजन चंदौसी द्वारा नियुक्त सर्वेक्षण आयुक्त गलत नियुक्ति थी और उन्हें नियुक्ति करने से पहले मस्जिद कमेटी को सुनना चाहिए था. आज कानून के उस प्रस्ताव को न्यायालय ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है.उन्होंने कहा कि कानून का सीधा सा प्रस्ताव यह है कि न्यायालय आदेश 26, नियम 9 और 10 की शक्ति का प्रयोग करते हुए सर्वेक्षण आयुक्त की नियुक्ति कर सकता है. उस समय किसी को सुनने की आवश्यकता नहीं है. कानून का आदेश केवल इतना है कि जब सर्वेक्षण आयुक्त सर्वेक्षण के लिए




मौके पर जाए तो वह दोनों पक्षों की मौज. ूदगी में सर्वेक्षण करेगा. जिसका पालन यहां दोनों दिन यानी 19 और 24 नवंबर को किया गया. तो बड़े–बड़े बैरिस्टर और सां. सदों ने न्यायालय की गरिमा और पक्षों की गरिमा पर इस पूरी प्रक्रिया की गरिमा पर टिप्पणी की थी, आज एक सुविचारित निर्णय ने उस पर पूर्ण विराम लगा दिया है.वकील ने कहा कि हम सर्वे रिपोर्ट पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट आएंगे, जिसे सीलबंद लिफाफे में दाखिल किया गया है. वहीं, हाईकोर्ट ने ट्रायल पर लगी रोक हटा दी है. इसका मतलब है कि ट्रायल आगे बढ़ेगा. इसमें उपासना अधिनियम लागू नहीं होता है क्योंकि दोनों पक्षों का यह स्वीकार किया हुआ मामला है कि यह 1958 का एएसआई संरक्षित स्मारक है और एएसआई अधिनियम 1958 द्वारा शासित है... इसलिए, न तो उपासना स्थल अधिनियम और न ही 12 दिसंबर का सुप्रीम कोर्ट का आदेश यहां लागू होता है.

## अखिलेश यादव और सपा के खिलाफ होगा मानहानि का मुकदमा? इस नेता के वकील ने चेताया

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया सेल द्वारा डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है. इस विवाद ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है, जहां एक तरफ सपा और बीजेपी के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है, वहीं दूसरी तरफ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को करारा जवाब दिया है. जबकि पाठक अब ब्रजेश पाठक के वकील ने सपा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी दी है.हाल ही में सपा के आधिकारिक एक्स हैंडल से ब्रजेश पाठक के डीएनए को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्ट की गई थी, जिसके बाद बीजेपी ने इस मामले में हजरतगंज थाने में थ्प् दर्ज कराई. इस पोस्ट को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सफाई दी थी कि ऐसी घटना दोबारा नहीं होगी, लेकिन उन्होंने पाठक के पहले दिए गए बयानों को भी अनुचित ठहराया था. इस बीच, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सोमवार को अपने एक्स हैंडल पर एक लंबा बयान जारी कर अखिलेश यादव और उनकी पार्टी पर तीखा हमला बोला.ब्रजेश पाठक ने अपने बयान में कहा "अखिलेश यादव जी, आप डीएनए के सवाल पर बहुत भड़के हुए हैं. मैने ये कह क्या दिया कि समाजवादी पार्टी के डीएनए में खराबी है, आप आपे से उसी तरह बाहर हो गए जैसे दस साल पहले यूपी की सत्ता से बाहर हो गए थे. आप इस बात को समझिए कि डीएनए में खराबी से हमारा मतलब किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, बल्कि आपकी पार्टी की राजनीतिक सोच से है. डीएनए में खराबी का मतलब ये है कि आपकी पार्टी की राजनीति की बुनियाद ही जातिवाद और तुष्टीकरण पर टिकी रही है और आज भी टिकी हुई है. समाजवादी पार्टी ने कभी सबका साथ–सबका विकास की बात की ही नहीं.बीजेपी नेता ने लिखा कि आपकी प्राथमिकता ही हमेशा वोटबैंक की राजनीति रही है, नीतियों और आदर्शों से आपका दूर दूर तक का लेना देना नहीं रहा है. मैं आपकी पार्टी के डीएनए में खराबी के मसले को और खुलकर समझा देता हूं. दरअसल मुस्लिम तुष्टिकरण ही आपकी राजनीति का केन्द्रीय हिस्सा रहा है. आप किसी भी राजनीति विज्ञानी से बात कर लें. वो आपको समझा देगा कि आपकी पार्टी का जन्म ही मुस्लिम तुष्टीकरण के डीएनए के साथ हुआ है और आपकी पूरी की पूरी राजनीति की दाल–रोटी भी यही है. वो चाहे शिक्षा नीति हो, नियुक्तियाँ हों या कानून–व्यवस्था के सवाल, आपकी सरकारों ने बार–बार एक ही वर्ग विशेष को खुश करने के लिए बाकी समाज की अनदेखी की है. इससे समाज में विभाजन और अविश्वास की खाई और गहरी हुई है.उन्होंने अखिलेश पर आरोप लगाया कि आपने तो बतौर मुख्यमंत्री अपने सिगनेचर से आतंकियों से जुड़े 14 केस एक साथ वापिस लिए हैं ताकि आपकी पार्टी के मुस्लिम तुष्टीकरण वाले डीएनए को खाद पानी मिलता रहे. ऐसे में मैं अच्छी तरह समझा सकता हूं कि डीएनए पर सवाल उठाने से आप इतने तिलमिलाए क्यों हैं. आपको इतना दर्द क्यों हैं. आपकी पार्टी का डीएनए तो दलितों के भी खिलाफ रहा है. समाजवादी पार्टी के शासनकाल में बार–बार देखा गया कि दलितों के अधिकारों को कुचला गया, उन्हें राजनीतिक रूप से हाशिए पर रखा गया, और उनके साथ अन्याय की घटनाओं में वृद्धि हुई. यह सिर्फ प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि एक गहरी राजनीतिक मानसिकता को दर्शाता है. अखिलेश जी, इसलिए जब हम कहते हैं कि समाजवादी पार्टी के डीएनए में खराबी है तो हमारा सीधा मतलब है कि यह पार्टी सत्ता के लिए समाज को बाँटने में यकीन रखती है. जाति, धर्म और वर्ग को देख कर राजनीति करती है. इसलिए आप कुपित न होइए. हो सके तो खुद को और अपनी पार्टी की सोच को बदलने की कोशिश कीजिए. उन्होंने लिखा कि एक बात और, आपका और आपकी पार्टी का ट्विटर हैंडल जो भी चलाता है और जो भी आपको बड़े बड़े पैराग्राफ वाले बयान लिखकर भेजता है, वो तो इतना नादान है कि उसने आपके जरिए ये कुबूल करवा लिया कि जेपी, लोहिया और राजनारायण जैसे महान नेताओं के समाजवाद को गंदी, पतित और कलुषित गालियों में तब्दील कर देने वाले ये लोग आपके अपने ही हैं. आपने खुद लिखित रूप में ये कुबूल कर लिया है कि आप पार्टी स्तर पर उन लोगों को समझाएंगे.डिप्टी सीएम ने लिखा– अब भी कोई शक, कोई संदेह बचा क्या कि आपकी पार्टी का डीएनए ही खराब है? अखिलेश जी, अंत में यही कहूंगा कि अगर आप बदल सकते हैं तो खुद को बदलिए, अपनी पार्टी के डीएनए को बदलिए वरना आज से लेकर 2027 तक और उसके बाद भी आपको अपनी पार्टी का यही डीएनए परेशान करता रहेगा. अभी तो मैं कह रहा हूं, इसके बाद प्रदेश की एक एक गली से, एक एक मोहल्ले से, एक एक गांव, शहर, जिले और यहां तक कि एक एक आम व्यक्ति की जुबां से आपकी पार्टी के इस डीएनए का जिक्र फूटेगा. किस किस को गालियां देते फिरेंगे आप? सो अपना चेहरा साफ कीजिए, आईने से मत झगड़िए. "उम्र भर गालिब यही भूल करता रहा, धूल चेहरे पे थी आइना साफ करता रहा।" सादरइस बीच, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की ओर से उनके वकील प्रशांत सिंह अटल ने सपा को कानूनी नोटिस भेजकर कड़ा रुख अपनाया है. प्रशांत सिंह अटल ने इस टिप्पणी को गैर–जिम्मेदाराना और निम्न स्तर का करार देते हुए कहा कि यह बहुत ही गैर–जिम्मेदाराना और निम्न स्तर का कृत्य था. यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी बातें सार्वजनिक मंच पर सामने आई हैं. उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी राजनीतिक मर्यादा का घोर उल्लंघन है और यह मानहानि की श्रेणी में आता है. अटल ने सपा को 15 दिन का समय देते हुए संबंधित ट्वीट हटाने और सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की है. उन्होंने चेतावनी दी, ब्रजेश पाठक उत्तर प्रदेश में एक महत्वपूर्ण पद पर हैं. वे उपमुख्यमंत्री हैं, और उनके खिलाफ ऐसी हल्की बातें करना मर्यादा को लांघना है. ट्वीट हटाएं, सार्वजनिक माफी मांगें और इसे 15 दिनों के भीतर सामने रखें, अन्यथा हम सपा के खिलाफ मानहानि का दीवानी और आपराधिक मुकदमा दायर करेंगे.इस विवाद ने उत्तर प्रदेश की सियासत को गरमा दिया है. जहां बीजेपी सपा पर हमलावर है, वहीं सपा भी बीजेपी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाए हुए है. बीजेपी समर्थकों का कहना है कि सपा की यह हरकत उनकी हताशा को दर्शाती है, जबकि सपा समर्थकों का तर्क है कि बीजेपी इस मामले को अनावश्यक रूप से तूल दे रही है. आने वाले दिनों में यह विवाद और क्या रंग लेता है, यह देखना दिलचस्प होगा.

# हाथरसः उल्टी–दस्त और पेट दर्द के मरीजों की भरमार, डॉक्टर की सलाह के बिना न लें दवा

हाथरस में गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन उल्टी–दस्त और पेट दर्द के 500 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। इमरजेंसी वार्ड में लगभग 50 मरीज आ रहे हैं। प्रा. इवेट अस्पतालों में भी इन बीमारियों के मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है।शहर में आज अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डिप्टी सीएमओ डॉ. एमआई आलम ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सलाह दी है। उन्होंने ला. `गों से अधिक पानी पीने की अपील की है। साथ ही गंदगी से दूर रहने का सुझाव



दिया है। रात को मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह भी दी है।दोपहर के समय धूप में न निकलें... डॉ आलम ने कहा कि बीमार होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाएं। बिना चिकित्सक की सलाह के दवाई न लें। बासी भोजन से बचें। केवल ताजा भोजन का सेवन करें। दोपहर के समय धूप में न निकलें। गर्मी से बचाव के लिए घर से बाहर निकलते समय सिर को ढककर रखें।

## हाथरस में किशोरी से दुष्कर्म का मामला चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, पुलिस ने पीड़िता का कराया डाक्टरी परीक्षण

हाथरस के मुरसान क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में पीड़िता की बड़ी बहन ने मुरसान कोतवाली में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता अपनी बड़ी बहन के साथ रहती है। वह 15 दिन पहले एक शादी समारोह में शामिल होने गई थी। वहां उसका भाई उसे कुछ दिनों के लिए अपने साथ रखने की बात कहकर ले गया।15 मई की रात को भाई के चार दोस्त रामू, धासू, राहुल और एक अन्य व्यक्ति घर आए। उन्होंने भाई को शराब पिलाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद रामू ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। धासू ने गाली–गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। राहुल ने छेड़खानी की।पीड़िता के कोर्ट में होंगे बयानकिशोरी ने दो दिन बाद अपनी बड़ी बहनों को यह बात बताई। 17 मई को उसकी दोनों शादीशुदा बहनें गांव पहुंचीं और उसे लेकर मुरसान थाने गईं। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाया है। सोमवार को उसके बयान दर्ज किए जाएंगे।

## हाथरस सिटी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प .अमृत योजना के तहत पूरा हुआ

हाथरस सिटी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प अमृत योजना के तहत पूरा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को इसका वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इसी संदर्भ में पूर्वोत्तर रेलवे इज्जत नगर मंडल की डीआरएम बीना सिन्हा ने सिटी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।स्टेशन में यात्रियों की सुविधा के लिए कई नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं। इनमें एसी वेटिंग रूम, शौचालय और प्लेटफॉर्म का निर्माण शामिल है। चार पहिया और दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। स्टेशन परिसर में टिनशेट का निर्माण भी किया गया है।अधिकारियों को दिए निर्देश.यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर जगह–जगह कोच डिस्प्ले लगाई गई हैं। कार्यदायी संस्था ने निर्माण कार्य पूरा करके स्टेशन को हैंडओवर कर दिया है। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने कुछ खामियों को दूर करने के निर्देश अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए। प्रधानमंत्री मोदी हाथरस सिटी के साथ कुछ अन्य रेलवे स्टेशनों का भी वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। डीआरएम का कहना है



कि यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जो भी खामियां हैं, उन्हें भी दूर कराया जाएगा।

## सासनी में छात्रों ने रंगोली बनाई, दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन



हाथरस के सासनी स्थित विद्यापीठ इंटर कॉलेज में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधानाचार्य डॉ. राजीव कुमार अग्रवाल ने किया।प्रधानाचार्य ने छात्रों को अहिल्याबाई होल्कर के योगदान से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई ने जल संरक्षण के लिए कुएं और बावड़ियां बनवाईं। उन्होंने भूखों के लिए अन्न क्षेत्र और प्यासों के लिए प्याऊ का निर्माण करवाया।शिक्षक राजीव कुमार ने बताया कि अहिल्याबाई एक महान मराठा शासिका थीं। मल्हार राव होलकर के नेतृत्व में उन्होंने मालवा क्षेत्र की रक्षा की। वे न्याय, कुशल प्रशासन और समाज सुधार के लिए जानी जाती हैं।कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने अहिल्याबाई होल्कर पर रंगोली बनाई। छात्राओं के लिए दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर अरुण कुमार कौशिक, संजय कुमार, भारत सिंह, प्रियंका, विनय कुमार, नीरज गुप्ता समेत अन्य शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## सासनी के रूहल गांव में सोमवार सुबह एक हाई टेंशन लाइन का तार टूटने से भैंस की मौत

सासनी के रूहल गांव में सोमवार सुबह एक हाई टेंशन लाइन का तार टूटने से भैंस की मौत हो गई। इस घटना से गांव में अफरा–तफरी मच गई। कोतवाली क्षेत्र के रूहल गांव निवासी मुरारीलाल ने बताया कि वह अपनी भैंस को चारा खिलाकर दूसरी जगह बांधकर घर लौटे थे। इसी दौरान उन्हें किसी ने सूचना दी कि टूटी हुई हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से उनकी भैंस की मौत हो गई है।कोई व्यक्ति मौजूद नहींइस घटना से उन्हें करीब एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। मुरारीलाल ने इस घटना की सूचना विद्युत विभाग को दी। संयोग से घटना के समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे कोई बड़ा हादसा होने से बच गया। ग्रामीणों द्वारा विद्युत विभाग को सूचना देने के बावजूद विभाग के कर्मचारी और अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे।

## हाथरस पुलिस ने गिरफ्तार किया गैंग का सरगनाय अन्य आरोपितों की तलाश



हाथरस। पुलिस ने बच्चा चोर गिरोह के सरगना को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है।कोतवाली सदर के मोहल्ला जागेश्वर निवासी प्रिंस गोस्वामी का चार वर्षीय बेटा कविश को नौ मई लापता होने की सूचना पुलिस को मिली थी। बच्चा शाम को घर के बाहर खेल रहा था। स्वजन की शिकायत पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया।पु. लिस कार्रवाई करते हुए आंध्र प्रदेश से इस बच्चे को बरामद कर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था। इनमें जागेश्वर कॉलोनी के मोनू पाठक, उसकी पत्नी नेहा पाठक, आंध्र प्रदेश के कड़प्पा निवासी मैद्दी पाटला राघवेंद्र और उसकी पत्नी सुब्बा लक्ष्मी शामिल थी।इस बच्चे के अपहरण में मुख्य भूमिका मोनू पाठक की थी। वह बच्चे कविश का पड़ोसी था। इसके बाद पुलिस ने इस गिरोह के सरगना मल्लिकार्जुन को गिरफ्तार किया था और उसे कड़ी पूछताछ की थी। पूछ. ताछ में यह बात सामने आई थी कि गिरोह अब तक उत्तर प्रदेश और आसपास के राज्यों से नौ बच्चों का अपहरण कर चुका है।यह गिरोह शिशुओं से लेकर तीन–चार साल के बच्चों का अपहरण करते थे। इसके बाद इन बच्चों को बेचा जाता था। इस गिरोह के विभिन्न अस्पतालों से भी संपर्क थे। गिरोह पूरे नेटवर्क के साथ अपना काम करता था। विभिन्न स्थानों से अपहरण कर इन बच्चों को दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में बेचा गया।पुलिस ने गिरोह का सरगना सरगना वोडेडा मल्लि. कार्जुन निवासी कास्पा गली, गबारापल्लम अन्नकापल्ली, मूल निवासी आफिसर काला. `नी थाना गाजूवाका विशाखापट्टनम (आंध्र प्रदेश) को पडेरु बस स्टाप, आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित को ट्रांजिट रिमांड पर हाथरस लाकर पूछताछ की। रविवार उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस अन्य संलिप्त आरोपितों की तलाश कर रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल गिरीशचंद्र एसओजी प्रभारी धीरज गौतम मय टीम शामिल है।

## सादाबाद में 3 लाख नकद और जेवरात ले गए, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

सादाबाद के प्रकाश नगर में दवा व्यवसायी देवेंद्र मोहन गुप्ता के घर चोरी की वारदात हुई। देवेंद्र मोहन अपने परिवार के साथ अलीगढ़ में भतीजी की शादी में गए थे।चोरों ने रात करीब 1रू52 बजे वारदात को अंजाम दिया। चोर घर की पिछली तरफ से छत पर पहुंचे। उन्होंने झटका के तार काटे और ताले तोड़कर घर में प्रवेश किया। चोर करीब तीन लाख रुपए नकद और लाखों के जेवरात लेकर फरार हो गए।जब देवेंद्र मोहन परिवार के साथ घर लौटे, तो उन्होंने दरवाजा खुला पाया। दरवाजा खटखटाते ही चोर उनके सामने से भाग निकले। घर की जांच करने पर पता चला कि चोर पूरा घर खंगाल चुके थे।पीड़ित की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी फुटेज में चोर आते–जाते नजर आ रहे हैं। क्षेत्र के व्यापारियों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। उनका कहना है कि ऐसी घटनाएं भविष्य में भी हो सकती हैं।सादाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी हिमांशु माथुर ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज से मिले चोरों के फोटो का मिलान किया जा रहा है। पुलिस जल्द ही घटना का खुलासा करेगी।

हाथरस में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) ने एक युवक के खिलाफ हाथरस गेट कोतवाली में तहरीर दी है। यूनियन के जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार भोला सूर्यवंशी ने हाथरस गेट कोतवाली में तहरीर दी है।शिकायत में बताया गया कि सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट और वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में आगरा का एक युवक भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की हत्या के लिए 5 लाख रुपए का इनाम घोषित करता हुआ दिख रहा है।आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग फेसबुक पर अमित चौधरी के नाम से अकाउंट चलाने वाले इस युवक ने वीडियो में उकसावे वाली बातें की हैं। साथ ही जान से मारने की धमकी दी है।यूनियन का आरोप है कि युवक सामाजिक वैमनस्यता फैलाने का काम कर रहा है। भारतीय किसान यूनियन ने इस मामले में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।












# नगर आयुक्त ने अचल सरोवर का किया निरीक्षण-नगर आयुक्त का वादा -धार्मिक पिकनिक स्पॉट के रूप में जल्द दिखेगा अचल सरोवर

## नगर आयुक्त के एक्शन से अचल सरोवर का भरना हुआ शुरू–एसटीपी प्लांट, समरसवेल व पंप सेट जुटे अचल सरोवर को भरने में

सोमवार को नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने अचल सरोवर का चीफ इंजीनियर सुरेश चंद के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने अचल सरोवर की परिक्रमा मार्ग एसटीपी प्लांट, दुकानों शिव मंदिर का निरीक्षण करते हुए अचल सरा. वर में स्मार्ट सिटी द्वारा किये गए निर्माण कार्य की गुणवत्ता को भी देखा। देर रात्रि नगर आयुक्त ने अचल सरोवर को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पानी से भरने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश चीफ इंजीनियर सुरेश चंद को दिए थे अचल सरोवर में पानी भरने का भौतिक सत्यापन करने के लिए सोमवार दोपहर में नगर आयुक्त ने अचल सरोवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अचल सरोवर पर लगा एसटीपी प्लांट पूरी क्षमता के साथ चलता हुआ पाया गया अचल सरोवर में स्थापित स्मार्ट सिटी का समरसेबल और पंप सेट भी पूरी क्षमता के साथ चल रहा था जिससे अचल सरोवर में जल का स्तर भी बढ़ता हुआ दिखाई दिया।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने




अचल सरोवर में बनी 33 दुकानों व अचल सरोवर के मेंटेनेंस के लिए इसको नगर निगम को हैंडोवर होने के बारे में चीफ इंजीनियर से पूछा। नगर आयुक्त ने अचल सरोवर की धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए इसे श्रद्धालुओं के लिए पिकनिक स्पॉट के रूप में डेवलप करने के लिए इसके रखरखाव, नौका विहार, श्रद्धालुओं की सहूलियत सुख सुविधाओं आदि की विस्तृत योजना बनाकर ई टेंडर आदि की प्रक्रिया को जल्द करने के निर्देश सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह को दिए।नगर आयुक्त ने कहा अचल सरोवर अलीगढ़ की ऐतिहासिक धरोहर है साथ ही साथ स्मार्ट सिटी मिशन का एक बेहतरीन प्रोजेक्ट है अचल सरोवर को आने वाले दिनों में इसकी धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं की सुख सुविधाओं को प्रभावी बनाने के साथ–साथ इसको धार्मिक पिकनिक स्पॉट के रूप में डेवलप करने का प्रयास किया जाएगा

# अलीगढ़ ड्रेन व जाफरी की सफाई की नगर आयुक्त ने जानी हकीकत–बड़े नालो की सफाई का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

अलीगढ़ ड्रेन व जाफरी की सफाई की नगर आयुक्त ने जानी हकीकत–बड़े नालो की सफाई का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षणमानसून से पहले अलीगढ़ नगरीय क्षेत्र के सभी छोटे बड़े नालों की सफाई को पूर्ण कराये जाने के लिए प्रयासरत नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने सोमवार को शहर की जलनिकासी के प्रमुख स्रोत अलीगढ़ ड्रेन व जाफरी ड्रेन की सफाई की हकीकत जानने की कोशिश की। नगर आयुक्त ने सिचाई विभाग के अलीगढ़ ड्रेन सासनी गेट से मथुरा बाईपास, एटा बा. ईपास हाईवे(सिंधौली ड्रेन), ओजोन सिटी स्थित जाफरी ड्रेन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मथुरा बाईपास बड़े नाले की सफाई कई स्थानों पर ठीक मिली एक स्थान पर साईफन के चौक होने पर नगर आयुक्त ने तत्काल सहायक अभियंता दा. निश नकवी को अगले 15 दिनों में अति. रिक्त पाइप डालकर साईफन की लेबर आदि लगाकर सफाई व ब्लाकेज को हटा कर पानी का फ्लो तेज करने के निर्देश दिए।एटा चुंगी बाईपास हाईवे जाफरी ड्रेन के शहर से बाहर निकलने वाले स्थान (सिधौली नाला) पर भी नगर आयुक्त ने जाकर ड्रेन की सफाई व पानी का फ्लो चेक किया यहां पर भी साइफन की लेबर तत्काल कराये जाने के निर्देश दिए। सिंधौली मोड़ जाफरी ड्रेन की सफाई पो. कलेन मशीनों से संतोषजनक हुई मिल. ी।नगर आयुक्त ने कहा अगले 15 दिन नाला सफाई की समीक्षा व स्थलीय निरीक्षण उनकी पहली प्राथमिकता है 15 जून से पहले सभी नालों को साफ कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है सभी से अनुरोध है नाले नालियों में अपने घर का कचरा ना डालें नालो की सफाई में नगर निगम का सहयोग करें।

# गभाना के ग्राम ख्यामाई में वृहद औद्योगिक क्षेत्र के विकास को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में तहसील गभाना के ग्राम ख्यामाई में प्रस्तावित वृहद औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में ख्यामाई में औद्योगिक अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं समन्वित विकास के लिए चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के विकास की प्रक्रिया पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए, ताकि नि. वेशकों को आकर्षित किया जा सके और अलीगढ़ औद्योगिक मानचित्र पर एक नई पहचान बना सके। बैठक में उप जिलाधिकारी गभाना विनीत मिश्रा सहित विद्युत, लोक निर्माण, सिंचाई, उद्योग विभाग एवं अन्य संबद्ध विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रस्तावित स्थल पर मूलभूत सुविधाएं जैसे विद्युत आपूर्ति, सड़क संपर्क, जल निकासी व्यवस्था, भूमिगत जल की उपलब्धता एवं पर्यावरणीय प्रभाव के संबंध में आवश्यक सर्वेक्षण तत्काल पूर्ण




करें। उन्होंने कहा कि ग्राम ख्यामाई में विकसित होने वाला यह औद्योगिक क्षेत्र न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा, बल्कि जिले की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विभागीय समन्वय से कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएबैठक का संचालन करते हुए संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेंद्र कुमार ने बताया कि 104 प्लाट के लिए 180 आवेदन प्राप्त हुए हैं। हर प्लाट की अलगअलग नीलामी की जाएगी। उद्यमी नीलामी के समय ही प्लाट का चयन करेंगे। प्लॉट आवंटन के उपरांत निवेशकों को इकाई स्थापना के लिए ढाई साल का समय दिया जाएगा। बीरेंद्र कुमार ने बताया कि नवीन औद्योगिक अस्थान ख्यामाई में विद्युतीकरण और सोमना से ख्यामाई तक सड़क निर्माण का कार्य कराया जाना है। डीएम ने पारदर्शी तरीके से भूखण्ड आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण करने के साथ ही सबंधित अधिकारियों कोनिर्देशित किया कि प्राथमि. कता के साथ नवीन औद्योगिक अस्थान ख्यामाई का विकास किया जाए।

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सोमवार को रोज की ही भांति कलैक्ट्रेट में जनता की समस्याओं और शिकायतों को सुनकर अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए।दिव्यांगजनों के लिए विशेष व्यवस्थारूसभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देश पर दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि वे भी पूरी गरिमा और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख सकें। डीएम संजीव रंजन का कहना है कि जिला प्रशासन हर नागरिक की सुविधा और सम्मान के लिए सतत प्रयासरत है।

# अलीगढ़ में एक फर्जी वकील को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अलीगढ़ में एक फर्जी वकील को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तालिब नगर का रहने वाला बलबीर सिंह पिछले 10 साल से बिना किसी वैध दस्तावेज के कचहरी में वकालत कर रहा था।बार एसोसिएशन के सचिव दीपक बंसल के अनुसार, आरोपी कचहरी में मौजूद वरिष्ठ अधिवक्ता बलवीर सिंह के नाम का दुरुपयोग कर रहा था।जांच में आरोपी के पास 130 सेशन की फाइलें मिली हैं, जबकि लोअर कोर्ट की फाइलों की संख्या अभी पता नहीं चल पाई है।मामला तब सामने आया जब एक क्लाइंट ने बार एसोसिएशन में शिकायत की। क्लाइंट से पैसे लेने के बाद आरोपी ने उसका काम नहीं किया था।बार एसोसिएशन ने शनिवार को आरोपी को बुलाकर उसके दस्तावेजों की जांच की। जांच में कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला।पहले भी कई अधिवक्ताओं ने आरोपी की शिकायत की थी। बार एसोसिएशन की चेतावनी के बावजूद वह अवैध प्रैक्टिस कर रहा था।अब बार एसोसिएशन ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है। पुलिस यह पता लगा रही है कि आरोपी ने अब तक कितने लोगों से कितने रुपए वसूले हैं।

# स्काई टावर में आयोजित हुआ मेधावी छात्र अलंकरण समारोह

अलीगढ़ सासनी गेट क्षेत्र की बहुचर्चित नवीन सोसायटी स्काई टावर में स्काई टावर समिति के सौजन्य से सोसायटी में रहने वाले मेधावी छात्र – छात्राओं के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सम्मान प्राप्त करने वाले बच्चों में कु० चेतन्या श्रीवास पुत्री श्री अतुल कुमार श्रीमती निरुपमा जिन्होंने न कि परिवार, सोसायटी का नाम रौशन किया बल्कि अलीगढ़ जिले में सीबीएसई इण्टरमीडिएट परीक्षा 2025 में 98.6: पाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर सम्पूर्ण अलीगढ़ को गौरवान्वित किया है।मान्या चौधरी ,यश त्रिपाठी को इण्टरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया।सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा 2025 में केशव माहेश्वरी ने 97.2: अंक प्राप्त किए।उर्विका वार्ष्णेय, खुशी अग. वाल, पंक्ति अग्रवाल, अवधि जैन,एंजल चौधरी, इशिता अग्रवाल, कनिष्क जैन, तन्वी गुप्ता ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सभी को गौरवान्वित किया है।श्रीमती वंदना सिंह आर०टी०ओ० मण्डल अलीगढ़ द्वारा सभी मेधावी छात्र छात्राओं को शील्ड प्रदान की गई।समिति के अध्यक्ष संजय कुमार यादव ने कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम प्रथम बार आयोजित किया गया है परन्तु आगे यह कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे क्योंकि अपने जीवन की प्रथम सीढ़ी पर पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त कर बच्चों का जो मनोबल बढ़ता है वह उनके आगे आने वाली परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए एक उत्प्रेरक का कार्य करता है। समिति के मंत्री अतुल कुमार ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। कोषाध्यक्ष मोहित जैन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों का उत्साह तो बढ़ता ही है साथ ही सोसायटी के सभी परिवारों को माला की तरह एक दूसरे के साथ जोड़ने का कार्य भी करता है । सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य सुभाष चन्द्र सक्सैना,संतोष माहेश्वरी, सुनील गुप्ता, कौशल किशोर यादव आदि ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वरुण किन्द्रा,डा० अमित, नितिन माहेश्वरी,अभिषेक सक्सैना,मुकेश माहेश्वरी,धीरेन्द्र वार्ष्णेय, विशाल अग्रवाल, ललित शर्मा, पियूष माहेश्वरी,धर्मेंद्र माहेश्वरी, नितिन गुप्ता, पंकज अरोड़ा, आकांक्षा जैन, नूतन यादव, वंदना माहेश्वरी, ज्योति अग्रवाल, पूजा जैन, दीप्ति माहेश्वरी, राखी किन्द्रा, मीनू अरोड़ा, सोनाली माहेश्वरी, हरजिंदर कौर, भावना वार्ष्णेय,वर्षा गुप्ता, अलीगढ़ फेम भक्ति साधना, स्पर्श,देव, अर्नव,पार्थ, अर्जुन,माही, अभिनव,दक्ष, का सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन अलीगढ़ हेल्पलाइन के राज सक्सैना ने किया


## NOTICE

AFFED

In order to make the Indian Farmers internationally competitive, AFFED FARMER PRODUCER COMPANY LIMITED (FPO), brings to you the following 100% Water Soluble Mixture Fertilisers as per order dated 24.10.2015, issued by ministry of Agriculture & Farmers Welfare, Govt. of India, New Delhi.

| Sr. No. | Name of Fertilizer | Total N% | Total $P_2O_5$% | Total $K_2O$% | Total Cal% | Total S% | Total Zn% | Total Mg% | Total Fe% | Total Mn% |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NPK 10:26:26 | 10 | 26 | 26 | - | - | - | - | - | - |
| 2 | NPK 12:11:18 | 12 | 11 | 18 | - | - | - | - | - | - |
| 3 | NPK 12:32:16 | 12 | 32 | 16 | - | - | - | - | - | - |
| 4 | NPK 14:28:14 | 14 | 28 | 14 | - | - | - | - | - | - |
| 5 | NPK 14:35:14 | 14 | 35 | 14 | - | - | - | - | - | - |
| 6 | NPK 15:15:15 | 15 | 15 | 15 | - | - | - | - | - | - |
| 7 | NPK 16:16:16 | 16 | 16 | 16 | - | - | - | - | - | - |
| 8 | NPK 17:17:17 | 17 | 17 | 17 | - | - | - | - | - | - |
| 9 | NPK 18:18:18 | 18 | 18 | 18 | - | - | - | - | - | - |
| 10 | NPK 19:19:19 | 19 | 19 | 19 | | | | | | |
| 11 | NPK 20:20:20 | 20 | 20 | 20 | - | - | - | - | - | - |
| 12 | NPK 22:22:11 | 22 | 22 | 11 | - | - | - | - | - | - |
| 13 | NPK 9:25:25 | 9 | 25 | 25 | - | - | - | - | - | - |
| 14 | NPK 13-0-45 Pottasium Nitrate | 13 | 0 | 45 | - | - | - | - | - | - |
| 15 | Ammonium Sulphate | 20.6 | - | - | - | 23 | - | - | - | - |
| 16 | Calcium Nitrate | 15.5 | - | - | 18.8 | - | - | - | - | - |
| 17 | Chilated Iron Fe-EDTA | - | - | - | - | - | - | - | 12 | - |
| 18 | Chilated Zinc Zn-EDTA | - | - | - | - | - | 12 | - | - | - |
| 19 | Zinc Sulphate Monohydrate Granular | - | - | - | - | 15 | 33 | 0.5 | - | - |
| 20 | Ferrous Sulphate $FeSO_4 7H_2O$ | - | - | - | - | 10 | - | - | 19 | - |
| 21 | Magnesium Sulplate | - | - | - | - | 12 | - | 9.6 | - | - |
| 22 | Zinc sulphate Monohydrate znso4h2o | | | | | 15 | 33 | | | |

Salient Features: 1. 100% Water Soluble.
2. Improve Quality and yield of the produce.
3. Suitable to use through drip irrigation and foliar Application.
Packing: Available in 1 kg, 5 kg, 10 kg and 25 kg packing.
Supply and sales of above Agrostar WSF grades will be done after 30-35 days.

Imported/Manufactured & Marketed by
**AFFED FARMER PRODUCER COMPANY LIMITED (FPO)**
Office - 1st Floor, Khasra No.856/709, Near CCS HAU Gate No.2, Balsamand Road, Hisar (Haryana), 125001, INDIA,
Phone Office : +91 1662 319166, M.+91 82783 84028, E-mail - affed.fpcl@gmail.com, Website - www.myaffed.com
Unit Address : VPO Chikanwas, Near Bus Stop, Chikanwas to Jagan Road, Hisar, Haryana


# जिला पर्यावरण, जिला वृक्षारोपण एवं जिला गंगा समिति की संयुक्त बैठक संपन्न

अलीगढ़ रू जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण, जिला वृक्षारोपण एवं जिला गंगा समिति की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पर्यावरणीय संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा की गई जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखना वर्तमान समय की महती आवश्यकता है। औद्योगिक इकाइयों, निर्माण कार्यों एवं अन्य परियोजनाओं को पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप संचालित किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में संचालित सभी उद्योगों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। जिला गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने गंगा नदी की स्वच्छता एवं अविरलता बनाए रखने के लिए विभिन्न विभागों को समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गंदे नालों का जल गंगा में प्रवाहित न हो, इसके लिए ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली की साप्ताहिक समीक्षा की जाए। इसके साथ ही, जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को गंगा में कूड़ा–कचरा एवं पूजा सामग्री न फेंकने के लिए प्रेरित किया जाए। बैठक में जिला गंगा समिति द्वारा किए जा रहे वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, जैव विविधता संरक्षण एवं जल स्रोतों के पुनर्जीवन संबंधी प्रयासों की भी समीक्षा की गई। सदस्य जिला गंगा समिति ज्ञानेश शर्मा गंगा घाटों पर अवैध अतिक्रमण, स्नान करने वालों की सुरक्षा के लिए गंगा घाटों पर गहरे जल में वैरिकेडिंग, गंगा किनारे स्नान घाट पर अंत्येष्टि क्रिया पूर्णतः रोके जाने एवं गंगा किनारे खेतों में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग रोके जाने संबंधी सुझाव दिए, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गंगा किनारे के ग्रामों की एसएचजी के माध्यम से महिलाओं को हैंडीक्राफ्ट यथा प्रसाद, धूपबत्ती, अगरबत्तियां बनाने, चटाइयाँ एवं झाड़ू बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में डीएफओ नवीन कुमार ने बताया कि शासन द्वारा जिले में जिले में 3438600 पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य प्राप्त हो गया है जिसे संबंधित विभागों को उपलब्ध करा दिया गया है। कुछ विभागों द्वारा आंवटित लक्ष्य के सापेक्ष अभी भी कार्ययोजना उपलब्ध नहीं कराई गई है। वृहद वृक्षारोपण की सफलता के लिए 43 लाख पौधे वन विभाग और 2.50 लाख से अधिक पौधे उद्यान विभाग तैयार कर रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने अवशेष सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष स्थल चयन एवगड्ढ़ा खुदाई सबंधी ऐक्शन प्लान रिपोर्ट तैयार कर जल्द से जल्द से भेजने के निर्देश देते हुए कहा कि वृहद वृक्षारोपण के साथ ही रोपे गए पौधों की जीवितता भी सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं एवं निजी क्षेत्र के सहयोग से पौधों के लिए ट्री–गार्ड एवं फेंसिंग की भी समुचित व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, डीडीओ आलोक आर्य, उप निदेशक कृषि यशराज, डीआईओएस डा0 सर्वदानन्द, सीवीओ डॉ0 दिवाकर त्रिपाठी, संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेंद्र कुमार, एक्सईएन सिंचाई राजेंद्र कुमार, एक्सईएन लोनिवि योगेश कुमार वन विभाग, नगर निकाय, सदस्य गंगा समिति ज्ञानेंद्र शर्मा, अशोक चौधरी,एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उप.

# सीएम योगी का कासगंज दौरा कल नई पुलिस लाइन का उद्घाटन और 724 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कासगंज का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री सुबह 10रू35 बजे हेलीकॉप्टर से नई पुलिस लाइन पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री 191 करोड़ की लागत से बनी नई पुलिस लाइन का उद्घाटन करेंगे। साथ ही जिले में 724 करोड़ रुपए की 60 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर करीब 20 हजार लोगों की क्षमता वाला पंडाल तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री यहां जनसभा को संबोधित करेंगे और जनप्रति. निधियों के साथ बैठक भी करेंगे।कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, विधायक देवेंद्र रा. जपूत, हरिओम वर्मा, बीजेपी जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा और जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप सहित कई नेता मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री का कासगंज में करीब तीन घंटे का कार्यक्रम है। इसके बाद वे



लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के दौरे की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## एटा जिले के अवागढ़ थाना क्षेत्र के नगला रूपी में प्लॉट विवाद ने हिंसक रूप ले लिया

एटा जिले के अवागढ़ थाना क्षेत्र के नगला रूपी में प्लॉट विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। स्कॉर्पियो कार सवार युवकों ने पहले गाड़ी से टक्कर मारी और फिर मारपीट की। घटना उस समय हुई जब लखींद्र का भतीजा और भतीजी चारपाई पर बैठे थे। सचिन (सुखवीर सिंह का पुत्र), अभिषेक (राकेश का पुत्र), अमित (प्रमोद का पुत्र) और ब्रजेश (धीरेन्द्र का पुत्र) स्कॉर्पियो से आए। उन्होंने जानबूझकर टक्कर मार दी। विरोध करने पर आधा दर्जन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी।इस घटना में चार लोग घायल हुए हैं। घायलों में 25 वर्षीय लखींद्र कुमार (रघुनंदन के पुत्र), गौरी (नरेश की पुत्री), और सुविधा (भूपेंद्र की पत्नी) शामिल हैं। सभी घायलों को एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।थाना प्रभारी अवागढ़ कपिल कुमार नैन ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच प्लॉट का विवाद है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया है। मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

## 23 स्वर्ण समेत कुल 32 पदक जीते, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग

एटा के इंटर कॉलेज में आयोजित पांचवी जिला योगासन प्रतियोगिता में योगा ऑर्बिट फाउंडेशन जलेसर ने शानदार प्रदर्शन किया। फाउंडेशन ने 23 स्वर्ण, 7 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 32 मेडल जीते।प्रतियोगिता में आदर्श इंटर कॉलेज ने 18 मेडल प्राप्त किए।राजकीय स्नातक. ोत्तर महाविद्यालय जलेसर को 5 मेडल मिले। सरस्वती विद्या मंदिर और एमजीएम इंटर कॉलेज ने 3–3 मेडल जीते। नवोदय विद्यालय ने 2 मेडल हासिल किए। आ. र्टिस्टिक सीनियर पेयर में अर्जुन और सुमित ने स्वर्ण पदक जीता। तरुण ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया।सीनियर ट्रेडिशनल बालिका वर्ग में अंजलि को स्वर्ण और रिचा को रजत पदक मिला। जूनियर बालक वर्ग में अभिषेक ने स्वर्ण और लव. कुश ने रजत पदक जीता। सागर, सतीश, गुलशन, सुधा, निधि, काकुल और उमेश ने भी स्वर्ण पदक हासिल किए। कोच अनिल कुशवाह ने बताया कि विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।उन्होंने योग के समर कैंप की जानकारी भी दी। कैंप 21 मई से जलेसर के आदर्श इंटर कॉलेज में सुबह 5रू30 और शाम 4रू30 बजे तथा श्री जी पब्लिक स्कूल में शाम 5रू30 बजे शुरू होंगे। कुशवाह ने कहा कि योग से शरीर और मन दोनों एकाग्रित होते हैं। इससे हर कार्य को बेहतर तरीके से किया जा सकता है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक और मान. सिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

## 18 दिन पहले हुई थी शादी, जैथरा से घर लौटते समय हुआ हादसा

एटा सड़क हादसे में नवविवाहित युवक की मौत हो गई। बागवाला थाना क्षेत्र के कंसुरी गांव के पास रोडवेज बस की टक्कर से 30 वर्षीय बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कुलदीप के रूप में हुई है। वह रविवार की शाम को वह जैथरा से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान अलीगंज की तरफ से आ रही रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दी।मृतक के मामा उदयवीर सिंह ने बताया कि कुलदीप की शादी महीने की पहली तारीख को नगला भगवंत की एक युवती से हुई थी। घर में अभी शादी की खुशियां मनाई जा रही थीं। थाना प्रभारी बागवाला अखिलेश कुमार दीक्षित के अनुसार, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।घायल युवक को एटा स्टेट मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को कब्जे में ले लिया है। मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।

## कासगंज में गर्मी ने तोड़े रिकॉर्ड, पारा पहुंचा 43 डिग्री के पार

कासगंज तन झुलसाने वाली गर्मी दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। रविवार को तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक रहा। लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हुए। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। कूलर और पंखे भी जवाब दे गए।तापमान बढ़ते–बढ़ते रविवार को 43 डिग्री सेल्सियस के पार जा पहुंचा। जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। तेज धूप और लू चलने की वजह से हालात यह रहे कि सड़कों पर लोगों व वाहन सवारों की आवा. जाही कम देखने को मिली। राहगीरों को लू के थपेड़े लगे। इन दिनों 42 से 43 डिग्री तक तापमान बना हुआ है।सूरज की तल्खी के आगे गर्मी से बचाव के उपाय भी कम पड़ रहे है। मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार अगले कुछ दिनों तक राहत मिलने के कम आसार हैं, लेकिन पांच दिन बाद हल्के बादल छाए रहने की संभावना मौसम विभाग की वेबसाइट पर दर्शाई जा रही है।लो वोल्टेज, ट्रिपिंग की समस्या से जूझ रहे उपभोक्तागर्मी के इस मौसम में शहर के अलावा कस्बाई क्षेत्रों में बिजली कटौती से लोग परेशान हो उठे हैं। शनिवार की रात शहर के रेलवे रोड, चित्रगुप्त कॉलोनी, बस स्टैंड, जामा मस्जिद इलाके सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा सबसे अधिक समस्या गंजडुंडवारा क्षेत्र में रही।हर एक –दो घंटे पर बार बार बिजली जा रही है। गर्मी में बिजली कटौती ने मुसीबत बढ़ा दी है। केनाल रोड पर ट्रासफार्मर खराब होने के कारण 12 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण क्षेत्र के लोगों को एक एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ा।पेय पदार्थ बने सहारागर्मी में कुछ देर में ही गला सूखने पर लोग पानी पीने लगते हैं। हलक सुखाने वाली पड़ रही गर्मी से लोग अब साथ में पानी लेकर चल रहे हैं। जरूरी कार्य से निकलने वाले लोग गन्ने का रस, बेल का शर्बत, शिकंजी, लस्सी अथवा पेय पदार्थ पीकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं।ओवर लोडिंग के कारण विद्युत आपूर्ति कुछ क्षेत्रों में प्रभावित हुई थी। रात भर बिजली विभाग की टीमें कार्य कर रही है और जहां भी तकनीकी फाल्ट होता है तत्काल टीम पहुंचकर समस्या का समाधान कर रही है

## करंट से झुलसे मजदूर की मौत, प्रदर्शन

एटा। जवाहर तापीय परियोजना में कार्यरत पंकज निवासी नगला भूपाल थाना मलावन की विद्युत करंट लगने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। रविवार को परिजन ने शव को प्लांट में रखकर कंपनी से मुआवजे की मांग की। परिजन के साथ ही गांव के 200 से अधिक लोग भी प्रदर्शन करते रहे।शनिवार को पंकज ने जवाहर तापीय परियोजना में एल्युमीनियम की नशैनी को सीधा किया तो ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन लाइन में छू गई, जिससे पंकज बुरी तरह से झुलस गया। वहां पर तत्काल एबुलेंस को बुलाया और पंकज को मेडिकल कॉलेज के लिए भेज दिया। यहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर हालात देखते हुए आगरा रेफर कर दिया।50 फीसदी से अधिक जलने की वजह से पंकज ने रविवार सुबह करीब 7 बजे दम तोड़ दिया। आगरा में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन शव को जवाहर तापीय परियोजना ले आए। वहां शव को रखकर कंपनी से 25 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग करने लगे, लेकिन कंपनी 20 लाख रुपये ही मुआवजा दे रही थी। इस पर आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने जवाहर तापीय परियोजना का घेराव कर प्रदर्शन किया।सैकड़ों की संख्या में भीड़ को देखकर थाना मलावन और सकीट के अलावा अन्य थानों का पुलिस बल भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुला लिया गया। एसडीएम सदर जगमोहन गुप्ता, सीओ सदर संजय सिंह, सीओ सकीट कीर्तिका सिंह परिजन से वार्ता करने के साथ ही हालातों पर नजर रखे रहे। देर शाम तक लोगों का प्रदर्शन चलता रहा और मुआवजे पर सहमति नहीं बन सकी।

कासगंज। पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आज एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस परीक्षा के लिए कुल 49 छात्रों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 45 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 4 छात्र अनुपस्थित रहे।परीक्षा को नकल रहित और सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। परीक्षार्थियों को गहन जांच के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। यह परीक्षा विशेष रूप से कक्षा आठ उत्तीर्ण छात्रों के लिए आयोजित की गई थी। पूरी परीक्षा प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न हुई। परीक्षा का निर्धारित समय सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक था। इस दौरान परीक्षार्थियों से गणित, सामान्य अध्ययन और सामान्य विज्ञान विषयों से प्रश्न पूछे गए जिला विद्यालय निरीक्षक पीके मौर्य ने परीक्षा के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि परीक्षा बिना किसी व्यवधान के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## कासगंज पुलिस और एसओजी टीम ने एक शातिर चोर को अहरौली फाटक के पास रेलवे फील्ड से गिरफ्तार किया

कासगंज पुलिस और एसओजी टीम ने एक शातिर चोर को अहरौली फाटक के पास रेलवे फील्ड से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मानपुर नगरिया बाना सोरों निवासी बीरपाल के रूप में हुई है।पुलिस ने आरोपी से दो अलग–अलग चोरी की वारदातों का सामान बरामद किया है। पहली चोरी 24 फरवरी को आवास विकास कॉलोनी में विकास बाबू के घर से हुई थी। दूसरी चोरी 25 अप्रैल को दीनदयालपुरम में विनय सिंह के घर से की गई थी।बरामद सामान में 15 लाख रुपये के सोने–चांदी के जेवरात हैं। इसके अलावा 8 साड़ियां, लैपटॉप, मोबाइल फोन, 3 घड़ियां और 25 हजार रुपये नकद भी मिले हैं। पीड़ितों ने अपना सामान पहचान लिया है।पूछताछ में आरोपी ने गुड़गांव में भी चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी अपने साथी के साथ दिन में बंद मकानों की रेकी करता था। आरोपी पर एक दर्जन से अधिक अपराध दर्ज हैं। वह 2017 और 2023 में गैंगस्टर एक्ट में जेल जा चुका है। पुलिस उसके एक अन्य साथी की तलाश कर रही है।

## कासगंज। सदर कोतवाली क्षेत्र में एक छात्रा अपनी सहेली के भाई के झांसे में आकर दुष्कर्म का शिकार हो गई

कासगंज। सदर कोतवाली क्षेत्र में एक छात्रा अपनी सहेली के भाई के झांसे में आकर दुष्कर्म का शिकार हो गई। आरोपी ने शादी का वादा किया, लेकिन बाद में मुकर गया। छात्रा की शिकायत पर सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी और उसके छह परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है और छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा।अमांपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा शहर में पढ़ाई कर रही थी। वह अपनी सहेली के घर आती–जाती थी, जहाँ उसकी मुलाकात सहेली के भाई से हुई। धीरे–धीरे दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। आरोपी युवक ने छात्रा को शादी का प्रस्ताव दिया और उसे लखनऊ ले गया। हालांकि, बाद में उसने शादी करने से इनकार कर दिया। छात्रा ने घटना की जानकारी अपने परिवार को दी, जिसके बाद सीओ सदर से शिकायत की गई। सीओ के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी अंकित और उसके छह अन्य रिश्तेदारों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस अब छात्रा का चिकित्सीय परीक्षण कराएगी।

## कासगंज जिले के सिढ़पुरा–अमांपुर मार्ग पर प्याऊं गांव के पास एक दुर्घटना में मां की मौत

कासगंज जिले के सिढ़पुरा–अमांपुर मार्ग पर प्याऊं गांव के पास एक दुर्घटना में मां की मौत हो गई। बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।तैयबपुर गांव के 25 वर्षीय राकेश अपनी मां देवी के साथ बाइक पर मंशा देवी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। प्याऊं गांव के पास अचानक एक नीलगाय सड़क पर आ गई। बाइक नीलगाय से टकरा गई।हादसे में मीरा देवी की मौके पर मौत हो गई। राकेश को स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। वहीं घटना के बाद पुलिस ने मृतक महिला मीरा देवी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मीरा देवी की मौत की खबर मिलने के बाद से उनके घर में मातम का माहौल छाया हुआ है।

### कासगंज में अत्यधिक गर्मी को देखते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार मौर्य ने सभी स्कूलों में 20 मई को अवकाश की घोषणा की

यह आदेश जिलाधिकारी के निर्देश पर जारी किया गया है।आदेश के अनुसार, जनपद के सभी माध्यमिक इंटर कॉलेज और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में छुट्टी रहेगी। यह आदेश बालक और बालिका विद्यालयों दोनों पर लागू होगा। सीबीएसई बोर्ड सहित अन्य सभी बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों को इस आदेश का पालन करना होगा।जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया है कि वे इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

एटा। थाना सकीट क्षेत्र के गांव घुटलई के पास सोमवार दोपहर के समय एक बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। उस पर सवार 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य सड़क दुर्घटना में पिलुआ थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान दो बाइकों की भिड़ंत में 4 लोग घायल हुए हैं।थाना सकीट के गांव पूठ निवासी अंशुल ने बताया कि सोमवार को दोपहर के समय गांव से शहर की ओर आ रहे थे। कृष्णा साथ बैठा था। रास्ते में गांव घुटलई के पास बाइक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जिसके चलते दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस व परिजन को सूचना देते हुए एंब. ुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज की इम. रजेंसी पहुंचाया।इसके अलावा पिलुआ के गांव भदवास में रविवार रात एक वैवाहिक आयोजन चल रहा था। इसमें अलीगढ़ के गभाना से बरात आई थी। बरात चढ़ने के बाद बराती मुन्नेश, मुकेश और भदवास के रिंकू व सूरज की बाइकें आपस में टकरा गईं। इससे चारों ही घायल हो गए। सभी घायलों का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है।

## एटा नगर पालिका के दर्जनों सभासद आज जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे



एटा नगर पालिका के दर्जनों सभासद आज जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने प्रभारी ईओ को हटाने की मांग की। सभासद संघ के बैनर तले एकत्रित सभासदों ने डीएम प्रेमरंजन सिंह को ज्ञापन सौंपा।सभासदों ने बताया कि वर्ष 2024 में भी एटा को स्थाई ईओ नहीं मिल पाया है। वर्तमान में एसडीएम वेदप्रिय आर्य को कार्यभार सौंपा गया है। सभासदों का आरोप है कि उन्हें नगरपालिका के कार्यों की जानकारी नहीं है। नगर की साफ–सफाई व्यवस्था बिगड़ी हुई है।सभासद विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि कई बार सफाई के लिए लिखित में शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रभारी ईओ को नगर के वार्डों और मोहल्लों की भी जानकारी नहीं है। आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए स्थाई ईओ की नियुक्ति जरूरी है। डीएम ने समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन दिया है।